# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**12.07.2024** **1945 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने पर लगाई बंदिशें– साधन सम्पन्न परिवारों की मुफ्त बिजली सब्सिडी की समाप्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुफ्त बिजली योजना की सब्सिडी बंद करने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हुए उपचुनाव की मतगणना कल– सुबह 8 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती।
- केन्द्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का लिया फैसला–अधिसूचना जारी।

**कैबिनेट**

प्रदेश मंत्रिमंडल ने 125 यूनिट फ्री बिजली देने पर कुछ बंदिशें लगा दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शून्य बिजली बिल के प्रावधान को तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से सब्सिडी को 'एक परिवार एक मीटर' तक सीमित करने और बिजली कनेक्शन को राशन कार्ड से जोड़ने को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, बोर्ड के अध्यक्षों, सलाहकारों, ओएसडी, आईएएस, आईपीएस व एचएएस अधिकारियों के अलावा वन व न्यायिक अधिकारियों सहित निगमों व बोर्डों के सभी प्रथम और द्वितीय श्रेणियों के कर्मचारियों, सभी श्रेणी–ए व बी के ठेकेदारों सहित सभी आयकर दाताओं के लिए मुफ्त बिजली सब्सिडी समाप्त करने का निर्णय लिया है। बैठक में कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के कारण प्रभावित परिवारों को भूमि अधिग्रहण और मुआवजा प्रदान करने को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, ज़िला ऊना के हरोली विधानसभा क्षेत्र में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए पूंजीगत लागत का प्रदेश का हिस्सा प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मंत्रिमण्डलीय उप–समिति के सिफारिशों को स्वीकार करते हुए जूनियर ऑफिस अस्सिटेंट के पोस्ट कोड–9

सौ 3 और 9 सौ 39 के लम्बित परिणामों को घोषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के पद भरने व सृजित करने का भी निर्णय लिया गया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा मुफ्त बिजली योजना की सब्सिडी बंद करने की कड़ी निंदा की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी तरह की तानाशाही के लिए जानी जाती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के लोगों को मुफ्त मिल रही बिजली को सुक्खू सरकार ने छीन लिया है और जनता के साथ की गई ये तानाशाही दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चुनाव के समय जो पार्टी सरकार बनने पर 3 सौ यूनिट फ्री बिजली देने का वायदा करके सत्ता में आई हो और वही सत्ता में आने पर लोगों को पहले से मिल रही 125 यूनिट की सब्सिडी को भी छीन ले तो ये उनके साथ ये एक ठगी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आना और झूठ बोलकर ही सत्ता चलाना कांग्रेस की फितरत है। उन्होंने कहा कि ओपीएस के मामले पर भी सुक्खू सरकार मूल ढांचे में बदलाव करके पैंशन के रूप में अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने वाली है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा इस तानाशाही के खिलाफ सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन करेगी।

**निरीक्षण**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल देर रात शिमला के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के समीप भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को मुरम्मत कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्कुलर रोड शिमला शहर की जीवन रेखा है और स्थानीय लोगों व पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने ज़िला प्रशासन को मॉनसून के दौरान आपदा की स्थिति से निपटने और आपातकालीन स्थिति में तत्परता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

**समीक्षा बैठक**

प्रदेश में होमस्टे और पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम 2024 का प्रस्ताव तैयार करने के उद्देश्य से गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक आज शिमला में हुई। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपसमिति के सदस्यों, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रस्तावित प्रारूप तैयार करने के लिए

बहुमूल्य सुझाव साझा किए। इस दौरान संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक विचार–विमर्श किया गया।

**विद्युत नीति**

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय लघु जलविद्युत नीति 2024 पर हितधारक परामर्श की विशेष कार्यशाला आज शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने की, जबकि ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिन्द्र एस. भल्ला इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने देश के अन्य राज्यों के लिए नए रास्ते दिखाए हैं और यहां पर सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। प्रबोध सक्सेना ने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा पर कोई खर्च नहीं करती है बल्कि इन हाइड्रो पावर प्रोजैक्टों से सरकार को आय प्राप्त हो रही है। हितधारकों की इस कार्यशाला में प्लांट के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**मतगणना**

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को हुए मतों की गणना कल 13 जुलाई को होगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना सुबह 8 बजे से आरंभ होगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हमीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नालागढ़ में होगी। इसी तरह देहरा विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में की जाएगी। इन चुनाव परिणामों से तीन विधानसभा क्षेत्रों में 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल होगा।

**संविधान हत्या दिवस– अधिसूचना जारी**

केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है। 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने को लेकर भारत सरकार की ओर से एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है, 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया था। भारत के लोगों को देश के संविधान और भारत के मजबूत लोकतंत्र पर

दृढ़ विश्वास है। इसलिए, भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया है।

**वैबसाइट**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने आज सोलन में एक काउंसलिंग सेंटर की वैबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये वैबसाइट युवाओं के समग्र विकास व उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। विनय कुमार ने कहा कि वैबसाइट युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास के लिए सेवाएं प्रदान करेगी।

इससे पहले विधानसभा उपाध्यक्ष ने सिरमौर ज़िला के राजगढ़ में एक निजी होटल का उद्‌घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनी।

**जागरूकता कार्यक्रम**

केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किन्नौर ज़िले के ब्रूआ गाँव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो की शिमला इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, स्वच्छ भारत अभियान और एक भारत–श्रेष्ठ भारत अभियान योजनाओं पर निबंध, चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो की शिमला इकाई के प्रभारी प्रकाश पंत ने छात्रों से केंद्र सरकार की इन अभिनव योजनाओं में उत्साहपूर्वक योगदान करने का आह्वान किया।

**ग्लेशियर**

लाहौल स्पीति ज़िले में स्थित हिमालय का सबसे बड़ा शिगरी ग्लेशियर पिछले कुछ वर्षों से ग्लोबल वॉर्मिंग का शिकार होने लगा है। 25 किलोमीटर लंबा और तीन किलोमीटर चौड़ा शिगरी ग्लेशियर कुछ ही वर्षों में चंद्रा नदी तट से करीब डेढ़ किलोमीटर पीछे तक सिकुड़ गया है जो चिंता का विषय है। ग्लेशियर से कुछ ही दूरी पर चंद्रा नदी के बाम तट

पर बातल में पिछले 55 वर्षों से ढाबा चला रहे दोर्जे का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण व गाड़ियों की अधिक संख्या से ग्लेशियर पिघल रहा है जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए पानी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। स्थानीय लोगों ने ग्लेशियर के पिघलने पर चिंता जताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करने और इलैक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की ज़रूरत पर बल दिया है।

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश मंत्रिमंडल ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने पर लगाई बंदिशें– साधन सम्पन्न परिवारों की मुफ्त बिजली सब्सिडी की समाप्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुफ्त बिजली योजना की सब्सिडी बंद करने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हुए उपचुनाव की मतगणना कल– सुबह 8 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती।
- केन्द्र सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का लिया फैसला–अधिसूचना जारी।